# ढांड मंडी में महापंचायत में पहुंचे सैंकड़ों की संया में किसान

## ट्रैक्टरों पर सवार होकर पहुंचे अडानी गोदाम और पुलिस की मौजूदगी में जड़ दिया ताला

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** अनाज मंडी ढांड व पुंडरी में बारदाना देने की मांग पर जिला पार्षद प्रतिनिधि एवं पुंडरी हल्के के युवा नेता विकास तंवर के आह्वान पर विस्तार अनाज मंडी ढांड में बुलाई गई किसान महापंचायत में सैंकड़ो की संख्या में किसान-मजदूर पहुंचे।

किसानों को संबोधित करते हुए विकास तंवर ने कहा कि करोना का बहाना लगाकर ढांड मंडी में बारदाना देना बंद कर दिया था लेकिन 4 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक मंडी में सरकार ने बारदाना देना उचित नही समझा, जिससे किसान सोलूमाजरा स्थित अदानी साइलो में गेहूं बेचने के लिए कई-कई दिनों तक लाइनों में लगने को मजबूर हो रहे है। उन्होंने कहा कि इसके लिए डीसी को लिखित में कई बार गुहार लगे चुके है परंतु उनका एक ही जवाब है कि यह मसला तो एफसीआई के चंडीगढ़ में बैठे अधिकारी ही हल कर सकते है। किसान नेताओं ने कहा कि गेहूं का सीजन नजदीक है, जिला प्रशासन मंडी में बारदाना देने के लिए हामी नही भर रहा जिसके कारण अब उनके पास केवल एक ही विकल्प बचा है कि जब तक बारदाना नही दिया जाता तब तक अडानी साइलो के गेट की तालाबंदी की जाए, मौजूद सभी किसानों व मजदूरों ने हाथ उठाकर इसका समर्थन किया।

इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और देखते ही देखते मंडी पुलिस छावनी में तबदील हो गई। डीएसपी ललित यादव, डीएसपी उमेद सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, ढांड थाना प्रभारी सुनीता ढाका ने किसानों को समझाने का प्रयास



किया लेकिन किसान एक ही बात पर अड़े रहे कि जब तक कैथल डीसी आकर आश्वासन नही देते कि मंडी में बारदाना मुहैया करवा दिया जाएगा और अडानी में पेयजल, शौचालय, पार्किंग व भोजन की व्यवस्था करेंगे, तब तक हम अदानी साइलो को तालाबंदी का इरादा नही बदल सकते। लगभग 2 घंटे का समय देने के बाद भी जब डीसी किसानों के बीच नही पहुंचे तो किसानों ने सोलूमाजरा अदानी साइलो की तालाबंदी के लिए ट्रेक्टरों पर सवार होकर कूच किया। किसान- मजदूर एकता जिंदाबाद, मंडी बंद तो अड़ानी बंद के नारे लगाते हुए सभी किसान अदानी साइलो गोदाम के गेट पर पहुंचे। मौके पर उपस्थित पुलिस बल ने साइलो के गेट की घेराबंदी कर दी।

जब किसान वहां पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने गेट की तालाबंदी न करके शांति से बात समझने की मांग की परंतु किसान एक ही मांग बार-बार दोहराते रहे कि डीसी मौके पर आकर बारदाना देने का आश्वासन दे तो तालाबंदी का इरादा बदल जाएगा। आखिरकार 3 बजे विकास तंवर किसानों के साथ पुलिस की मौजूदगी





में तालाबंदी करने में कामयाब हुए। कुछ किसान धरना देते रहे तो उनके एक प्रतिनिधिमंडल ने कैथल पहुंचकर डीसी से मुलाकात की और उनको डीसी ने सोमवार तक का समय मांगा ताकि वे शुक्रवार तक उच्च अधिकारियों से बात कर सकें और सोमवार को निर्णय किसानों को बता सकें। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जसबीर तंवर क्योड़क ने अदानी गोदाम के गेट पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए तंवर ने कहा कि अब प्रशासन को सोमवार तक का समय है यदि तब तक प्रशासन कोई निर्णय नहीं लेता तो वे कठोर कदम उठाएंगे। विकास तंवर ने कहा कि जब तक निर्णय नहीं लिया जाता तब तक वे अदानी गोदाम के गेट पर लगातार धरना देंगे।

पंचायत को भाकियू नेता विक्रम कसाना, भाकिसं प्रवक्ता रणदीप आर्य फरल आदि ने भी सम्बोधित किया और सभी ने किसानों की समस्या को जायज बताते हुए जल्द समाधान करने की मांग की। इस मौके पर दर्शन खनौदा, डॉ मैनपाल बरोट सरपंच प्रतिनिधि, लक्की राणा बरोट, मनीष टीक, नरेश टीक, कुलदीप टीक, प्रेम गोरसी खेड़ी रायवाली, सुखविंद्र गोरसी, धर्मा डूल्याणी, शेरसिंह सरपंच खेड़ी रायवाली, जसबीर सरपंच बेगपुर, परमजीत सरपंच सोलुमाजरा, दिप्पी टीक, रामप्रताप कसाना ढांड, अरविंद गोलन पुंडरी, सुरेश खनौदा, केवल टीक सहित सैंकड़ो किसान उपस्थित रहे।

मंडी में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए विकास तंवर ने कहा कि 70 वर्षो से चली आ रही अनाज मंडी को हम बंद नही होने देंगे। अनाज बेचने के लिए लाइनों में लगाना कहां की इंसानियत है। जब प्रदेश की सभी मंडियों में किसान अपना अनाज बेच रहे है तो हमें इससे वंचित क्यों रखा जा रहा है। अधिकारी हमें बताएं कौन से कानून के तहत किसानों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। अभी तक प्रदेश में ऐसा कोई कानून नही बना है कि मंडियों में किसानों के अनाज के लिए बारदाना नही दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश का सभी मंडियों में बारदाना बंद होगा तो तब हम भी देख लेंगे लेकिन हम अपने अधिकारों का शोषण नही होने देंगे।

तालाबंदी के बाद किसानों ने वहीं पर लंगर लगाया और मिलजुल कर भोजन ग्रहण किया। इसके बाद 4 बजे पुलिस प्रशासन किसानों की 5 सदस्यों की कमेटी को लेकर डीसी से बातचीत के लिए लेकर कैथल रवाना हुए। जिससे बातचीत के जरिए कोई समाधान निकल आए लेकिन किसान अभी भी तालाबंदी कर मौके पर धरना दिए बैठे हैं।

# सीएम नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश कैबिनेट लेगी ऐतिहासिक निर्णय : जितेंद्र टाया

## कहा, भाजपा होगी पहले से भी और अधिक मजबूत व सशक्त, लोस व विस में मिलेगी मजबूती

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** लोकसभा सांसद व जनप्रिय नेता नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद प्रदेश भर के बीजेपी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर बनी हुई है, उपरोक्त शब्द वरिष्ठ भाजपा नेता, जिला परिषद के वार्ड नंबर 14 से पार्षद प्रतिनिधि एवं अनाज मंडी पूंडरी के पूर्व प्रधान जितेंद्र टाया अहमदुपर ने बातचीत में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जिला कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री बनाया गया हो। जितेंद्र टाया ने कहा कि बीजेपी पार्टी प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का मौका देती है।

भाजपा पार्टी के ऐसे निर्णयों के कारण ही पार्टी आज प्रदेश की पहली पसंद बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर हरियाणा में भाजपा पहले से भी और अधिक मजबूत व सशक्त होगी। टाया ने कहा कि नायब सिंह सैनी के राजनीतिक हुनर व सबको साथ लेकर चलने का प्रदेश की जनता को



और अधिक लाभ होगा। उन्होंने नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री नियुक्त करने पर भाजपा हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सकारात्मक सोच के धनी व जमीन से जुड़े नेता हैं।

उन्होंने कहा कि इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा लोकसभा व विधानसभा में फतेह हासिल करेगी, क्योंकि अन्य दलों के मुकाबले भाजपा से आमजन जुड़ा है और देश ही नहीं बल्कि विश्व की नंबर वन पार्टी बनाने पार्टी के समर्पित कार्यकर्त्ताओं की मेहनत है।

# मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री को हटाना प्रदेश सरकार की नाकामी व सरकार के प्रति लोगों में गुस्से का कबूलनामा : नीरज जड़ौला

## कहा, भाजपा चाहे नकाब बदलें या फिर चेहरे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** पुंडरी हल्के के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व सरपंच नीरज कुमार जड़ौला ने कहा कि जेजेपी द्वारा अपने विधायकों को सदन से गैर-हाजिर रहने का व्हिप देना बीजेपी से स्पष्ट मिलीभगत को दर्शाता है क्योंकि, जेजेपी में बीजेपी के खिलाफ वोट देने की हिम्मत भी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री को हटाना प्रदेश सरकार की नाकामी व सरकार के प्रति लोगों में गुस्से का कबूलनामा है।



एडवोकेट नीरज कुमार जड़ौला ने कहा कि ने बीजेपी-जेजेपी ने मिलकर साढ़े 4 साल में हरियाणा को बर्बाद करने का काम किया है, इस बात को हरियाणा की जनता जानती है और अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में प्रदेश की 36 बिरादरी कांग्रेस सरकार बनाने का फैसला कर चुकी है और इस जेजेपी-भाजपा के काले कारनामो का जनता के बीच जाकर खुलासा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता करेंगे। नीरज जड़ौला ने कहा कि हरियाणा में पांच साल मिलकर सरकार चलाने के बाद भाजपा सरकार एक पार्टी के ऊपर सारी बुराइयां थोपकर खुद को साफ़ सुथरा दिखाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री को बदलकर फिर से हरियाणा की जनता को बरगलाने की साजिश रच रहे हैं लेकिन इस बार इन्हें कामयाबी नहीं मिलेगी। जड़ौला ने कहा कि 10 साल में हरियाणा सरकार का कुशासन खूब फला-फूला और अब ये चाहे नकाब बदलें या फिर चेहरे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, हरियाणा की जनता के पास सिर्फ एक ही विकल्प है और वह कांग्रेस है।

# नायब सिंह सैनी को प्रदेश मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर : चरण सिंह तेवतिया

## ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश पांचाल ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई

रतन सिंह

**पलवल :** प्रदेश के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बनाए जाने की खुशी में मिठाई बांटकर व आतिशबाजी चलाकर एक दूसरे को कार्यकर्ताओ ने बधाइयां दी। पलवल में भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया ने अपनी टीम के साथ जिला कार्यालय पर जम कर जश्न मनाया। प्रदेश के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बनाए जाने की खुशी में मिठाई बांटकर व बम पटाके चलाकर एक दूसरे को कार्यकर्ताओ ने बधाइयां दी।

प्रदेश के नए सीएम रूप में नायब सिंह सैनी के नाम की घोषणा के बाद से उनके समर्थकों व भाजपा में जश्न का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया का फूल मालाओं से स्वागत किया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व नव निर्वाचित मंत्री मंडल को बधाई दी।ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश पांचाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में विकास, भ्रष्टाचार पर अंकुश और ईमानदारी के जो आयाम स्थापित किए है उनको आगे बढाने का काम नायब सिंह सैनी करेंगे। वहीं उन्होंने कहा है कि नायब सिंह सैनी पहले भी लोगों के दिलों पर राज करते रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नायब सैनी



को प्रदेश का सीएम बनाने का फैसला काफी महत्वपूर्ण है। यह भी कहा है कि शुरुआती तौर से ही नायब सिंह सैनी बड़े मेहनती और ईमानदार रहे हैं और उनकी कार्यशैली हमेशा प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक समाज के लिए बेहतरीन रही है।

नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मनोहर लाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया। जिसके बाद नायब सैनी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया था। सैनी के प्रदेश अध्यक्ष बनने ही हरियाणा के लोगों में अलग प्रकार की खुशी देखी जा रही थी। अब जब उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18-19 मार्च को कृषि मेले का आयोजन

**चंडीगढ़ :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार 18-19 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन करेगा। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' होगा। खेती में ड्रोन का महत्व आज समय की मांग है। ड्रोन के द्वारा कम समय में केमिकल फर्टीलाइजर व पेस्टिसाइड का उपयोग आसानी से किया जा सकता है, जिससे कम लागत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही उन्हें ड्रोन का उपयोग करना भी समझाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यो के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त किसानों को इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। प्रवक्ता ने बताया कि कृषि मेला (खरीफ)-2024 में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई खरीफ फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईजऱ के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे।

# चीनी मिल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा ने सिंगल बड फोरफिट बिजाई का किया निरिक्षण

तेजयुग न्यूज़ /रतन सिंह

**पलवल।** द सहकारी चीनी मिल पलवल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा ने मंगलवार को औरंगाबाद, घोड़ी व मोहना इत्यादि गांवों में किसानों की सिंगल बड फोरफिट बिजाई का निरिक्षण किया। चीनी मिल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा ने किसानों को गन्ने की अगेती व नई किस्म की अधिक से अधिक बिजाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने मौके पर किसानों द्वारा दिए गए सुझावों को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित स्टॉफ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



किसानों ने प्रबंध निदेशक को गन्ने की अधिक से अधिक बिजाई करने का आश्वासन दिया और इस वर्ष चीनी मिल को समय पर चलाने का प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा का आभार जताया। किसानों ने कहा कि वे चीनी मिल की कार्यप्रणाली से सन्तुष्ट है। प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा ने किसानों के साथ रूबरू होने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक सुरेन्द्र पाल, गन्ना विपणन अधिकरी कृपाल सिंह, गन्ना पर्यवेक्षक शमशेर सिंह व रविदत्त मौजूद रहे।

# गदपुरी गांव में सामुदायिक भवन का उपायुत नेहा सिंह ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों को समर्पित

## क्यूब रूट फाउंडेशन एंड दिल्ली आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड ने 35 लाख रुपये की लागत से कराया है निर्माण

तेजयुग न्यूज़ /रतन सिंह

**पलवल।** गदपुरी गांव में 35 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित नर सामुदायिक भवन का जिला उपायुक्त नेहा ने सिंह ने उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। इस अवसर क्यूब रूट फाउंडेशन एंड दिल्ली आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटिड के प्रोजेक्ट्स हेड वैभव शर्मा ने जिला उपायुक्त नेहा सिंह को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

इस मौके पर उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस नवनिर्मित सामुदायिक केंद्र का ग्रामीणों को




काफी फायदा मिलेगा। इस सामुदायिक केंद्र में ग्रामीण कोई भी सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। उपायुक्त ने क्यूब रूट फाउंडेशन के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह फाउंडेशन समय-समय पर समाज हित में कार्य करती रहती है। उन्होंने कहा कि क्यूब रूट फाउंडेशन एंड दिल्ली आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटिड द्वारा गदपुरी गांव में ग्राम पंचायत की जमीन पर बनवाए गए सामुदायिक भवन का यहां के लोगों को भरपूर लाभ पहुंचेगा। वहीं उपायुक्त ने सामुदायिक भवन के लिए जमीन मुहैया करवाने पर ग्राम पंचायत की भी सराहना की।

इस अवसर पर दिल्ली आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीधर नारायण व प्रोजेक्ट हेड वैभव शर्मा ने कहा कि कंपनी का पूरा प्रयास है कि लोगों को बेहतर हाईवे की सुविधा देने के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी कार्य किए जाएं। इस अवसर पर गांव की तरफ से सरपंच नीरज तंवर ने उपायुक्त नेहा सिंह व कंपनी के प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्लाजा मैनेजर अनिल कुमार, कंपनी के सोशल हेड अनुज मैत्रेय सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों ने आयोजित भव्य कार्यक्रम में हस्त शिल्पकारों को किया सम्मानित

तेजयुग न्यूज़ /रतन सिंह

**पलवल।** पलवल।होडल रेलवे स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना का लोकार्पण समारोह संपन्न---भारतीय रेल विभाग द्वारा आगरा मंडल के अंतर्गत आने वाले होडल रेलवे स्टेशन पर वन प्रोडक्ट वन स्टेशन योजना का लोकार्पण हुआ। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, होडल भाजपा विधायक जगदीश नायर के सुपुत्र राहुल नायर तथा जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सौरोत मुख्य अतिथि तथा नगर परिषद होडल की अध्यक्ष इंद्रेश शीशपाल सौरोत, उपाध्यक्ष मनीषा वीरू सौरोत, होडल रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य प्रेमराज तंवर, शेर सिंह आर्य तथा महेंद्र महावर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विष्णु गौड ने किया।



इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए राहुल नायर ने कहा कि वर्तमान समय भारतीय रेल का स्वर्णिम काल है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेल ने ढांचागत, सुविधागत, रेलवे का विस्तारीकरण सहित प्रत्येक क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। गौरतलब है कि भारतीय रेल द्वारा वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना का लोकार्पण गुजरात के अहमदाबाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर होडल रेलवे स्टेशन सहित देश के अलग-अलग स्टेशनों पर भी कार्यक्रम किए गए। इस श्रृंखला में होडल रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए भारतीय रेल सेवा के अधिकारी तथा कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर अनादि मित्तल ने बताया कि होडल रेलवे स्टेशन को टेराकोटा (मिट्टी) से बने उत्पादों के लिए चुना गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए भी अधिक से अधिक सुविधाएं देना चाहते हैं। इस श्रृंखला में भारतीय रेल में अनेक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने पर देश के प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के हस्तशिल्पियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर अनादि मित्तल ने सभी अतिथियों को शाल तथा सम्मान प्रतीक भेंट किए। इस अवसर पर भारतीय रेल के बी.के. पाण्डेय, आलोक कुमार सिंह, शोभित भारद्वाज, दयाशंकर शर्मा, लंकेश प्रताप सिंह, सुमंत कुमार, एस.के. तिवारी तथा भूपेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राजनेतिक जाट नेताओं को छह जातियों के आरक्षण पर अपनी चूपी तोड़ी

**चंडीगढ़ :** आज राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल को समर्थन देने के लिए उमड़ा भारी जन समूह। केएमपी मांडोठी आसौदा टोल बहादुरगढ़, हरियाणा में दलाल खाप द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सर्व खाप और सर्व जाति महापंचायत में खाप चौधरियों सहित विभिन्न जातियों के सरदारों ने शिरकत करते हुए कहा कि रमेश दलाल ने महात्मा गांधी के रास्ते को अपनाकर 1 मार्च 2024 से जो आमरण अनशन शुरू किया उससे सर्व समाज एकजुट हुआ है। सर्व खाप और सर्व समाज ने केंद्र सरकार को झकझोरते हुए कहा कि 12 राज्यो के जाट, बिश्नोई, त्यागी,रोड, मुले जाट और सिख जाट को केंद्र की ओबीसी श्रेणी में आरक्षण दिया जाए। सर्व समाज और खापों ने सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि समाज को आरक्षण के नाम पर बांटने की बजाए उन सभी बिरादरियो को आरक्षण देना चाहिए जिनका हक बनता है।

# मेले के दूसरे दिन सांगी संजय मलिक ने सांग सुनाकर लूटी वाहवाही



तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग

**लाडवा :** लाडवा इंद्री मार्ग पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के मेले के दूसरे दिन मंदिर द्वारा सांग आयोजित किया गया। जिसमें मुजफरनगर से आए सांगी संजय मलिक द्वारा सांग देखने आए लोगों को अपने व अपने साथियों द्वारा सांग सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। वहीं हजारों की संख्या में लोगों ने सांग का आनंद लिया।

सांगी संजय मलिक ने लोगों को सांग के माध्यम से सायकोट के राजा सुलेभान की जीवनी के बारे में प्रकाश डालते हुए सांग सुनाया। उन्होंने कहा कि सुलेभान दो रानियां होने के बाद भी उनके पास कोई संतान नही थी। एक बार राजा के बाग में गुरु गोरखनाथ पधारे और राजा सुलेभान से खुश होकर एक संतान का वरदान दिया। नौ महीने बाद बड़ी रानी को एक लड़का पूरणमल पैदा हुआ जो अति सुंदर था। जिसपर उसकी दूसरी मां ही मोहित हो गई, लेकिन राजा के पुत्र पूरणमल ने अपनी मां से कहा कि भले ही तूम मेरे हाथ पांव कटवा दो परन्तु मैं मातृ धर्म को कलंकित नहीं करूगा। वहीं सांगी के साथ आए संजय मलिक, राजु, प्रकाश, सोभी, विवेक, अंकित व मास्टर भूरा द्वारा अपनी कला से उपस्थित लोगों का जमकर मनोरंजन भी किया। वहीं मौके पर दल के प्रधान सुदेश बंसल, जोगध्यान, पवन बंसल, साहब सिंह, रामेश्वर, रामकुमार, नरेन्द्र नैन, राजिन्द्र सिंह बपदी, बलिंद्र, बलकार सहित अनेक ग्रामीण व लोग उपस्थित थे।